सीधी चैलेंज कप सीजन-9 : एमपीएसपी क्लब हैदराबाद की ऐतिहासिक जीत, 78 रन में धराशाही हुई मालदीव

कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आठवें दिन के मैच में सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद और केडी कंस्ट्रक्शन बोर्ड ऑफ मालदीव के बीच हुआ रोमांचक मैच

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद और केडी कंस्ट्रक्शन बोर्ड का मालदीव के मध्य हुए आठवें दिन के मैच में फ्रेंचाइजी एमपीएसपी क्लब

राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद 180 रनों से अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सीधी की धरती में फ्रेंचाइजी केडी कंस्ट्रक्शन की विदेशी टीम क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव को 78 रन में धराशाही कर दिया।

कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के आज आठवें दिन के मैच में सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद के फ्रेंचाइजी हरपाल सिंह बुल्ले और मालदीप क्रिकेट बोर्ड के फ्रेंचाइजी केडी सिंह केडी कंस्ट्रक्शन की गरिमामय उपस्थित में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा टॉस किया गया। टॉस जीतकर हैदराबाद ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद बल्लेबाजी करते हुए 33.1 ओव्हर में 10 विकेट के नुकसान के साथ शानदार 258 रनों का लक्ष्य क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव के सामने रखा। जिसमे दीपांशु चौहान ने 5 छक्के और 10 चौके लगाते हुए 107 रनों की तथा देवेंदर ने 1 छक्का व 6 चौके लगाते हुए 60 रनों की शानदार पारी खेली। जबावी पारी में क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीप की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 ओव्हर में 78 रन बनाते हुए सिमट गयी। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेंद्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार, हर्ष गुप्ता रहे। रोमांचक कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार, बालेंद्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

हैदराबाद और दिल्ली के बीच रोमांचक मुकाबला कल

छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का नौवा मैच 13 जनवरी को एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद और भूमि एसोसिएट एलबीएस दिल्ली के बीच 13 जनवरी को सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। हैदराबाद और दिल्ली दोनों ही टीमे एक-एक मैच जीत चुकी हैं और फाइनल पहुंचने के लिए यह मैच दोनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होने वाला है इसलिए यह मैच काफी रोमांचक रहेगा।

शतकवीर दीपांशु के नाम हुआ प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच

सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का आठवां मैच फ्रेंचाइजी सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद और फ्रेंचाइजी केडी कंस्ट्रक्शन क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हैदराबाद को जीत मिली। हैदराबाद के शतकवीर दीपांशु चौहान जिन्होंने 79 गेदों मे 5 छक्के और 10 चौके की मदद से 107 रन बनाएं को आज के गेस्ट ऑफ ओनर बबलू मिश्रा, डॉ.राजेन्द्र त्रिपाठी, फ्रेंचाइजी एमपीपीएस क्लब हैदराबाद महेश प्रताप सिंह परिहार, राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद कोच सुदर्शन जी राजू, क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव के फ्रेंचाइजी केडी कांस्ट्रेक्शन के प्रतिनिधि रानू शुक्ला की गरिमामय विशेष उपस्थिति मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से राकेश सिंह, सूरज सिंह द्वारा दिया गया।

गाय है त गांव है के नारे के साथ हनुमानगढ़ में रैली का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को आयोजित की जाने गाय है तो गांव है रैली आज 11 जनवरी को की गई। यह अभियान गौ संरक्षण के मुद्दों और आवारा पशुओं की समस्याओं को लेकर आयोजित किया जाता है।

जिले के ऋषिकेश फाउण्डेशन की बाल सेना मोगली पलटन नें इस बार रैली का विषय, गाय हय ता गांव है, रखा गया। रैली सीधी जिले के हनुमानगढ़ गांव के स्व. चन्द्रप्रताप तिवारी की प्रतिमा स्थल से शुरु होकर गांव के दूसरे सिरे में समाप्त की गई। इस आयोजनों का विवरण में इस अभियान का आयोजन ऋषिकेश फाउंडेशन की बाल सेना मोगली पलटन द्वारा किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य गायों की सुरक्षा, संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। आयोजकों ने इस बात पर जोर दिया कि गाय मजबूत होगी तो गांव मजबूत होंगे। इस आयोजन में बच्चों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया, जिन्होंने गाय बचाओ-गांव बचाओ के नारे लगाए, जिसमें साइकिल रैली भी शामिल थी। रैली गांव हनुमानगढ़ की मुख्य आबादी वाली सड़क से गुजरती हुई गांव के दूसरे छोर पर समाप्त हुयी। गांव में जहां एक तरफ आवारा पशुओं की समस्या बढ़ रही है तो दूसरी तरफ दूध की किल्लत हो रही है। एक तरफ किसानों में यूरिया डीएपी के लिए हाहाकार मचा हुआ है तो दूसरी तरफ पूरा भारत डायबिटीज की विश्व राजधानी बन गया है। एक तरफ युवा बेरोजगार दर-दर भटक रहे हैं तो दूसरी तरफ गाय हाईवे में कुचली जा रही हैं। रैली का उद्देश्य यही बताना है कि गाय सिर्फ दूध भर नहीं देती बल्कि सही जानकारी होने और उचित प्रबंधन किए जाने पर इन सभी समस्याओं का समग्र समाधान भी है। रैली में गोबर न होय मोहर आय। माटी कहै नरियाय के गोबर नाबा गाय के। गोबर वाली खादी नाबा बी पी शुगर से जिउ छोड़वा। कुठिला बखरी उतराय चले जेके खेते बरदा गाय चले।

सांसद डॉ .मिश्रा ने दिखाई मानवता, सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौके पर की मदद

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। सीधी-सिंगरौली लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने एक बार फिर संवेदनशीलता, मानवीय कर्तव्य और त्वरित निर्णय का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौके पर सहायता कर मानवता की मिसाल पेश की।

यह घटना उस समय की है, जब सांसद डॉ.राजेश मिश्रा सीधी से सामाजिक कार्य के उद्देश्य से सोनवर्षा की ओर जा रहे थे। सोन पुल से कुछ आगे उन्होंने एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना देखी, जिसमें एक युवक दोपहिया वाहन से सड़क के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक तेज गति से वाहन चला रहा था, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



संयोगवश उसी समय सांसद डॉ.मिश्रा का काफ्लिा वहां से गुजर रहा था। घटना को देखते ही उन्होंने तत्काल काफिला रुकवाया और स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटना में युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी और वह दर्द से कराह रहा था। सांसद डॉ.मिश्रा ने बिना किसी विलंब के अपनी गाड़ी से फर्स्ट-एड बॉक्स मंगवाया और घायल युवक को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। उन्होंने चोट पर दवा लगवाकर पट्टी करवाई तथा युवक को ढांढस बंधाया। इसके साथ ही सांसद जी ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सुरक्षित रूप से सड़क से हटवाने की भी व्यवस्था करवाई, जिससे आवागमन बाधित न हो और किसी अन्य दुर्घटना की आशंका न रहे। घटना के उपरांत सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने क्षेत्रवासियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है, वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक है। वाहन की गति को नियंत्रित रखना अत्यंत जरूरी है, क्योंकि थोड़ी-सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। सांसद की इस त्वरित सहायता, मानवीय संवेदना और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका की क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है।

विश्व हिंदू परिषद् महाकौशल प्रांत सीधी बैठक का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। विश्व हिन्दू परिषद् जिला बैठक में अध्यक्ष गणेश सिंह के अध्यक्षता, विशेष उपस्थित विभाग मंत्री पुजेरी लाल मिश्र, विभाग संयोजक शैलेन्द्र सिंह, अजीता द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष बैठक में मंचासीन रहे।

भगवान राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आचार पद्धति, परिचय के बाद बैठक प्रारंभ हुई। पिछले तिमाही कार्यों की चर्चा, धर्म रक्षा निधि पर योजना बनी जिला अभ्यास वर्ग अप्रैल माह में आयोजित करना है। एक प्रखण्ड को आदर्श प्रखण्ड बनाना है वार्ड समिति गठन व रामायण परीक्षा पर विमर्श योजना बनी। कार्यकर्ता के वर्ग प्रशिक्षण की जानकारी, भोजन पश्चात द्वितीय सत्र, आगामी छमाही कार्य योजना, पंच परिवर्तन एवं वर्तमान चुनौतियां पर जिलाध्यक्ष का उद्बोधन हुआ। तत्पश्चात प्रखण्ड के प्रत्येक खंड ग्रामों में समिति का गठन हुआ जिसमें नगर योजना में मार्तण्ड मिश्र गोरक्षक विहिप, बृजवासी द्विवेदी विचार विमर्श प्रमुख, राजेश साहू नगर अध्यक्ष, बजरंग दल गौरक्षा प्रशांत द्विवेदी, सुरक्षा प्रमुख अजीत सिंह बनाये गये। वंदे मातरम् गान के पश्चात बैठक का समापन हुआ। बैठक में प्रखण्ड के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी धीरेश मिश्र प्रचार-प्रसार प्रमुख ने दी।

अवैध धान परिवहन पर मंडी समिति की कार्रवाई

- 48 हजार से अधिक की वसूली

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। उप संचालक आनंद मोहन शर्मा आंचलिक कार्यालय रीवा के निर्देशन में तथा भारसाधक अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मंडी सचिव रावेन्द्रशेखर अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति सीधी के जांच दल द्वारा अवैध धान परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

दिनांक 9 जनवरी 2026 को जांच के दौरान वाहन क्रमांक एचआर 55 एएन 1386 में 361.80 क्विंटल धान का अवैध परिवहन पाया गया, जिस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की गई। जांच के उपरांत मंडी समिति द्वारा संबंधित वाहन पर मंडी शुल्क, समझौता शुल्क एवं निराश्रित शुल्क के रूप में कुल 48 हजार 416 रुपये की राशि जमा कराई गई।

इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय एवं अनुज कुमार मिश्रा की सक्रिय सहभागिता रही। मंडी समिति ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अवैध परिवहन एवं नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शासन के राजस्व हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने टंकियों की सफाई का कार्य जारी

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद सीधी के अंतर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी तथा सम्राट चौक स्थित जलप्रदाय टंकियों की व्यापक सफाई का कार्य संपन्न कराया गया।

नपा द्वारा पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। टंकियों की सफाई के दौरान जल टंकियों को पूर्णत: खाली कर उनके भीतर जमी गंदगी, काई एवं अवांछित पदार्थों को हटाया गया तथा आवश्यकतानुसार कीटाणुनाशक दवाओं का छिड़काव कर स्वच्छता सुनिश्चित की गई। इस प्रक्रिया से जल की शुद्धता एवं उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सीएमओ श्रीमती मिनी अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न वार्डों में चरणबद्ध तरीके से सभी जलप्रदाय टंकियों की सफाई एवं निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है ताकि नागरिकों को नियमित रूप से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही पाइपलाइन एवं जल वितरण प्रणाली की भी निगरानी की जा रही है। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल नगर पालिका को दें, जिससे समय रहते समाधान किया जा सके।

एक नजर में

युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

सीधी। युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 सीधी के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस (युवा दिवस) के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, नगर पालिका पार्षद, वरिष्ठ नागरिकों सहित जनसामान्य सहभागिता करेंगे और सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9 बजे से 10 .30 बजे तक किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में योग, स्वास्थ्य एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेना है।

नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को

सीधी। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के प्राचार्य डॉ .डी .के . त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु पार्श्व (लेटरल एंट्री) परीक्षा का आयोजन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। प्राचार्य डॉ .त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। कक्षा 9वीं के अभ्यर्थी प्रवेश पत्र बेवसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं, जबकि कक्षा 11वीं के लिए प्रवेश पत्र बेवसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि परीक्षा तिथि से पूर्व प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसमें अंकित निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करें तथा परीक्षा दिवस पर समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज साथ लाएं।

मझौली में रोजगार मेले का आयोजन, 27 प्रतिभागी चयनित

सीधी। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला पंचायत सीधी के सीईओ एवं जिला परियोजना प्रबंधक सीधी के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली के सहयोग से ग्रामीण आजीविका मिशन मझौली द्वारा प्रज्ञा भवन मझौली में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में टीजीपीसीएफ प्रशिक्षण केन्द्र छतरपुर से आए प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम रोजगार मेले में भाग लेने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के पदों के महत्व की जानकारी दी गई तथा भर्ती प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी विस्तार से समझाई गई। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आठवीं से स्नातक तक की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों ने सहभागिता की। सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर पदों के लिए कुल 75 प्रतिभागियों ने आवेदन किया, जिसमें से 27 प्रतिभागियों का चयन किया गया। संपूर्ण चयन प्रक्रिया के दौरान विकासखंड मझौली से चंद्रकांत सिंह, जनपद पंचायत मझौली से अरविंद तिवारी, सहयोगी के रूप में पुरुषोतम तिवारी एवं सुनील यादव उपस्थित रहे। इसके साथ ही अरविंद सिंह परिहार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को बेरोजगारी दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में चयनित सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा जॉइनिंग लेटर वितरित किए गए।

मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष ने की वैधानिक कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। म.प्र. शिक्षक कांग्रेस शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन के प्रांताध्यक्ष सतीश शर्मा ने सीधी जिले में कुछ अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा संगठन के नाम का दुरुपयोग किए जाने को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

प्रांताध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि सीधी जिले में नवनीत चतुर्वेदी द्वारा कांग्रेस पार्टी का सहारा लेकर लेटरहेड पर पूर्व सांसद कांग्रेस पार्टी का नाम उल्लेखित कर शिक्षक कांग्रेस के पदाधिकारियों को धमकाने, डराने और भय फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही संगठन के नाम का दुरुपयोग कर चंदा वसूली भी लगातार की जा रही है। उन्होंने बताया कि शासकीय हाई स्कूल नेबूहा के एक शिक्षक एवं लिपिक स्वयं को शिक्षक कांग्रेस का पदाधिकारी बताकर संगठन के बैनर, लेटरहेड आदि का दुरुपयोग कर रहे हैं जबकि इनकी नियुक्ति संगठन द्वारा नहीं की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सीधी एवं संबंधित थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई गई है ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। सतीश शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रदेश या जिले में कोई भी व्यक्ति यदि संगठन के नाम, पंजीयन क्रमांक, मोनो, लेटरहेड का अवैध उपयोग या चंदा वसूली करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कृषक केवल अन्नदाता ही नहीं बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला : डॉ .राजेश

कृषक कल्याण वर्ष 2026 का भव्य शुभारंभ, सीधी सांसद के मुख्य आतिथ्य में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जनवरी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने राजधानी भोपाल से रविवार को कृषक कल्याण वर्ष-2026 का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया। कार्यक्रम का जिला एवं विकासखंड स्तर पर सीधा प्रसारण किया गया, जिससे बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता कर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रदेश शासन द्वारा किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषक कल्याण वर्ष 2026 का विधिवत आयोजन सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, शासकीय योजनाओं एवं उत्पादन वृद्धि से जोड़कर उनकी आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि कृषक केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। किसानों का सशक्तिकरण ही समृद्ध प्रदेश का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत फसल उत्पादन में वृद्धि, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन, उन्नत कृषि पद्धतियों के उपयोग, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा कृषकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जाएगा। सांसद डॉ.मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि अब योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि गांव-गांव पहुंचकर किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ दिलाया जाएगा। इसी क्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 के शुभारंभ अवसर पर कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कृषक रथ प्रदेश के गांवों में भ्रमण कर किसानों को प्राकृतिक खेती, उन्नत कृषि पद्धतियों, नवीन तकनीकों, श्रीअन्न, फसल विविधीकरण तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की समुचित एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान करेगा।

सांसद डॉ. मिश्रा ने श्रीअन्न के महत्व पर भी विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले में महुआ, कटहल एवं दलहन फसलों से जुड़े मूल्यवर्धित उत्पादों के माध्यम से किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहित कर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्रशरण सिंह चौहान ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु किसानों को जागरूक करने, योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने तथा कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने का आह्वान किया।

उपसंचालक ने दी योजनाओं की विस्तृत जानकारी

इस अवसर पर उप संचालक कृषि विभाग डॉ .राजेश सिंह ने किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उन्नत बीज, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, आधुनिक कृषि यंत्रों तथा तकनीकी नवाचारों के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए किसानों से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, पार्षद आनंद परियानी, मंडी सचिव रावेन्द्र अग्निहोत्री, सहायक संचालक कृषि गीता पटेल, सहायक संचालक मत्स्य विभाग शुक्ला, एसडीओ विवेक दुबे, डॉ .देवेन्द्र त्रिपाठी, कमल कामदार, पंकज पाण्डेय, निशांत मिश्रा, अमित प्रधान, सुरेन्द्रमणि दुबे, सुनीता रानी वर्मा, शिवदान साकेत, कंचन केशरी, धर्मेन्द्र सोनी, मुनिराज विश्वकर्मा, राजकुमार पटेल सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता कर कृषकों के हित में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का संकल्प लिया।